आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- उदयपुर में आयोजित पर्यटन सम्मेलन में उपराज्यपाल ने कहा कोविड के बाद घरेलू पर्यटकों की संख्या में दो सौ प्रतिशत और अंतर्राष्ट्रीय में एक सौ सतावन प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की ओर से आयोजित राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन कार्यशाला में एन.डी.एल.एम. के कार्यान्वयन में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।
- दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में ''सरस महोत्सव 2025'' की तैयारियों की समीक्षा की गई।
- स्टार्स ई–टिकटिंग प्रणाली के माध्यम से जहाज टिकटों के लिए ऑनलाइन आरक्षण सुविधा अब चौबीसों घंटे सातों दिन उपलब्ध होगी।

<><><><><><><>

'एक राज्य एक वैश्विक गंतव्य' के दृष्टिकोण के तहत उदयपुर में संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में पर्यटन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी ने भाग लिया। उन्होंने द्वीप समूह में कोविड के बाद पर्यटन के पुनरुत्थान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2022 से घरेलू पर्यटकों की संख्या में लगभग 200 प्रतिशत और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में 157 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अंडमान निकोबार द्वीप समूह को एक प्रतिष्ठित डाइविंग गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए, प्रशासन द्वीप समूह को हिंद महासागर क्षेत्र और हिंद–प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख स्कूबा डाइविंग केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए डाइविंग में तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने की तैयारी में है। उपराज्यपाल ने कहा कि बटन आइलैंड, बैरन आइलैंड और स्वराज द्वीप के प्राचीन समुद्र तटों के आसपास डाइविंग सर्किट विकसित किए जाएंगे। उन्होंने राष्ट्रीय सेलुलर जेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप, वाइपर, चाथम द्वीप जैसे स्मारक स्थलों को वैश्विक मानकों और पीपीपी मोड के साथ हेरिटेज टूरिज्म सर्किट के लिए मुख्य रणनीतिक पहल के बारे में भी जानकारी दी।

इसके अलावा उपराज्यपाल ने कहा कि पाँच सितारा इको–रिसॉर्ट्स, ग्रेट निकोबार और श्री विजयपुरम में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे, सीप्लेन संचालन, क्रूज़ पर्यटन, आधुनिक हेलीकॉप्टर बेड़ा, और नए जहाज़ों का अधिग्रहण, स्थायी विश्व स्तरीय पर्यटन के एक नए युग की शुरुआत करेंगे ।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। जीएसटी सुधारों पर आज हम गुजरात की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन–एन.डी.एल.एम. पर कल एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में एन.डी.एल.एम. के कार्यान्वयन में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें कुशल पशुधन प्रबंधन और सेवा वितरण के लिए भारत पशुधन जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाने पर विशेष जोर दिया गया। मंत्रालय ने कहा है कि भारत पशुधन प्लेटफॉर्म पर 9 करोड़ चालीस लाख से अधिक पशुपालक और 34 करोड़ से अधिक पशु पहले ही पंजीकृत हो चुके हैं, जो व्यापक पशुधन डिजिटलीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि एन.डी.एल.एम. का उद्देश्य नस्ल सुधार, रोग निगरानी और उत्पाद ट्रेसिबिलिटी को समर्थन देने के लिए किसान–केंद्रित डिजिटल इकोसिस्टम स्थापित करना है।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान द्वारा लिखित पुस्तक 'रेडी, रिलेवेंट एंड रिसर्जेंट II: शेपिंग ए फ्यूचर रेडी फोर्स' का विमोचन किया। यह पुस्तक भारतीय सशस्त्र बलों को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए एक व्यापक और भविष्य उन्मुख रूपरेखा प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक युद्ध की बदलती प्रकृति का गहन विश्लेषण करती है और युद्ध का विकासपरक अवलोकन प्रस्तुत करती है, साथ ही साइबरस्पेस, अंतरिक्ष सक्षम संचालन, संज्ञानात्मक युद्ध जैसे उभरते क्षेत्रों और भारतीय सशस्त्र बलों के लिए उनकी बढ़ती प्रासंगिकता पर ध्यान केंद्रित करती है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक में आगामी ''सरस महोत्सव 2025'' की तैयारियों की समीक्षा की गई। यह महोत्सव 17 से 23 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा। सरस महोत्सव ग्रामीण भारत की हस्तशिल्प, हथकरघा, और पारंपरिक खाद्य उत्पादों का प्रदर्शन करने वाला प्रमुख कार्यक्रम है। यह महोत्सव स्वावलंबी समूह के लिए एक मंच प्रदान करता है, जो 'दीन दयाल अन्त्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' के तहत अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय करेंगे। यह महोत्सव एनआरएलएम द्वारा ग्रामीण विकास निदेशालय के तहत आयोजित होने वाला पहला कार्यक्रम होगा।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय द्वारा स्टार्स ई–टिकटिंग प्रणाली के माध्यम से जहाज टिकटों के लिए ऑनलाइन आरक्षण सुविधा अब चौबीसों घंटे सातों दिन उपलब्ध होगी। मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कल सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में 24 • 7 ऑनलाइन जहाज टिकट आरक्षण सुविधा का शुभारंभ किया। यह सुविधा निदेशालय के आधिकारिक पोर्टल dss.andamannicobar.gov.in@eticketing पर उपलब्ध है। यात्रियों की सुविधा के लिए पोर्टल से सीधे जुड़ने वाला एक क्यूआर कोड भी प्रदान किया गया है।

<><><><><><><>

एम वी स्वराज द्वीप कल श्री विजयपुरम से दस बजे चेन्नई के लिए रवाना होगा। अतिरिक्त सामान को चढ़ाने का कार्य आज दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य सुबह 8 बजे से किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपों के मिल्क डिवीजन ने अपनी पहली मिल्क कार्ट्स और नया मिल्क पार्लर लॉन्च किया। यह पहल अनिडको द्वारा मुख्य सचिव चंद्र भूषण कुमार की उपस्थिति में की गई। मरीना पार्क में मिल्क कार्ट का संचालन रानी सिंधिया सेल्फ हेल्प ग्रुप की लक्ष्मी द्वारा किया जाएगा, जबकि भातूबस्ती में मिल्क कार्ट का संचालन स्वयं सहायता समूह विक्ट्री की संथी करेंगी। यह पहल अनिडको द्वारा महिला सशक्तिकरण और आजीविका सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस नई शुरुआत से अनिडको के दूध डिवीजन को प्रति माह 10 से 12 लाख रुपये की अतिरिक्त बिक्री की उम्मीद है।

<><><><><><><>

13 से 19 अक्टूबर तक वियतनाम के हाई फोंग में आयोजित होने वाली एशियाई रोइंग चैंपियनशिप में द्वीपसमूह की एथलेटिक्स अमृता मिंज भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस आशय की जानकारी श्री विजयपुरम स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण ने दी है।

<><><><><><><>